Press Release dated 07 August 2024

(1) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज पद्मश्री श्री अशोक भगत, सचिव, विकास भारती बिशुनपुर ने राज भवन में भेंट की एवं राज्यपाल महोदय को संस्था की गतिविधियों से अवगत कराया।

---

(2) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज मेजर जनरल परमवीर सिंह डागर, VSM, GoC-in-C,23 Infantry Division ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

---

(3) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री संतोष कुमार (+2 Coordinator), सेंट जेवियर्स स्कूल, डोरंडा एवं अन्य शिक्षकों ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की एवं विद्यालय की अद्यतन शैक्षणिक गतिविधियों से अवगत कराया।

---

(4) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज रिज़र्व बैंक ऑफ इंडिया, रांची के क्षेत्रीय निदेशक श्री प्रेम रंजन प्रसाद सिंह ने राज भवन में शिष्टाचार भेंट की।

---

(5) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज श्री शीतल ओहदार, मुख्य समन्वयक, टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी (महतो) समाज का एक प्रतिनिधिमंडल ने राज भवन में भेंट कर राज्यपाल महोदय को टोटेमिक कुरमी/ कुड़मी (महतो) समाज अनुसूचित जनजाति की सूची में सम्मिलित करने हेतु पहल करने का आग्रह किया।

---

(6) माननीय राज्यपाल श्री संतोष कुमार गंगवार से आज फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज का शिष्टमंडल राज भवन में भेंट की। उक्त अवसर पर शिष्टमंडल द्वारा राज्य के आर्थिक विकास हेतु विभिन्न विषयों यथा माईन्स-मिनरल्स पर सरकार के स्तर से कार्रवाई की आवश्यकता, रुग्ण होते अभ्रक उद्योग के रिवाईवल हेतु हस्तक्षेप की आवश्यकता, खासमहल भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर विचार, औद्योगिक क्षेत्र में आधारभूत संरचना का विकास, प्रदेश के उद्योगों की स्थापना हेतु पर्याप्त भूखंड की उपलब्धता पर विचार आवश्यक, गैर मजरूआ भूमि/बकास्त भूमि को फ्रीहोल्ड करने पर विचार करने, बालू घाट की नीलामी प्रक्रिया पूर्ण करने, मार्केटिंग बोर्ड को भंग करने की पहल करने, राजधानी रांची में रेलवे का ज़ोनल कार्यालय स्थापित करने का सुझाव समर्पित किया गया।